# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 16 मई।** हर साल लाखों आदिवासी भाई-बहिन बेणेश्वर धाम में दर्शन करने आते हैं, उन्हें बारिश के समय कष्ट का अनुभव होता है तथा मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए बेणेश्वर धाम पर पुल के निर्माण का शिलान्यास किया जा रहा है।

उक्त विचार कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री राहुल गाँधी ने ग्राम कैराना, ग्राम पंचायत बिछावाड़ा, जिला बांसवाड़ा में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने ने विशाल जनसभा में बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में जब बेणेश्वर धाम में मेला होगा तो वह भी वहाँ जाकर दर्शन करेंगे, क्योंकि इस मेले को आदिवासियों का महाकुंभ कहा जाता है तथा वह स्वयं इस कुंभ को अपनी आंखों से देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तथा आदिवासियों का बहुत पुराना आपसी एवं गहरा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का जो इतिहास है उसकी रक्षा कांग्रेस करती है तथा आदिवासियों के इतिहास को मिटाना-दबाना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में जब यूपीए सरकार थी तब आदिवासियों के लिए उनकी जमीन, जंगल एवं जल की रक्षा के लिये कानून बनाये गये थे। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक कानून भूमि अधिग्रहण बिल जैसे कानूनों के माध्यम से कांग्रेस ने आदिवासियों के जल, जंगल तथा उत्पाद की रक्षा का फायदा आदिवासियों को दिलवाया।

श्री राहुल गाँधी ने कहा कि देश में आज दो विचारधाराओं की लड़ाई है, एक तरफ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है जो कहती है कि सबको जोड़ कर चलना है, सबकी इज्जत करनी है, सब का इतिहास, सबकी संस्कृति की रक्षा करनी है, जबकि दूसरी ओर भाजपा बांटने का काम करती है एवं कुचलने व दबाने का काम करती है तथा आदिवासियों का जो इतिहास एवं संस्कृति है उसको दबाने एवं मिटाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हम जोड़ने का काम करते हैं, भाजपा बांटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कमजोर लोगों की मदद करती है जबकि भाजपा सबसे बड़े चुनिन्दा उद्योगपतियों की मदद करती है। उन्होंने कहा कि आज देश के हालात किसी से छुपे हुए नहीं है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, मंहगाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि राजस्थान सरकार गरीबों के लिये, आदिवासियों

2........

Created by Universal Document Converter

के लिये काम रही है। उन्होंने कहा कि बेणेश्वर धाम पर 132 करोड़ रूपये का पुल बनेगा जिसका लाभ क्षेत्र एवं आदिवासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में स्वास्थ्य योजनाओं के मामले में राजस्थान देश के सभी प्रदेशों से आगे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10 लाख रूपये तक का फ्री ईलाज होता है जबकि किसी अन्य प्रदेश में इस प्रकार की सहायता गरीबों को उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने जानकारी प्रदान की है कि प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जा रहे हैं जो कि स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों से आदिवासियों एवं गरीबों को जबरदस्त लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् हिन्दुस्तान एवं हिन्दुस्तान के बाहर भी रोजगार प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधायें एवं गरीबों के लिये कार्य कर रही है जिसके लिये मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत तथा उनकी सरकार बधाई की पात्र है।

श्री गाँधी ने कहा कि आज देश में हालात सही नहीं है, भाजपा की सरकार ने उस अर्थव्यवस्था पर आक्रमण किया है जिसका निर्माण यूपीए सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नोटबंदी एवं गलत प्रकार से जीएसटी लागू कर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया है, जबकि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार ने अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में युवा बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के विरूद्ध तीन काले कृषि कानून लाये गये थे जबकि इन कानूनों का फायदा केवल मात्र दो-तीन उद्योगपतियों को मिलता एवं किसानों से उनका हक छीना जाता। उन्होंने कहा कि किसानों की एकजुटता के कारण यह कानून केन्द्र सरकार को वापस लेने पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में दो हिन्दुस्तान बनाना चाहती है, एक अमीरों का जिसमें दो-तीन बड़े उद्योगपतियों का समावेश होगा तथा दूसरा गरीब जनता, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों एवं कमजोरों का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दो हिंदुस्तान नहीं चाहती है, हम एक हिंदुस्तान चाहते हैं, एक हिंदुस्तान जिसमें हर व्यक्ति को अपना सपना पूरा करने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी यही लड़ाई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है, चंद उद्योगपतियों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार आम जनता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार देने का कार्य कर रही है जबकि देश में जहां भी भाजपा का शासन है वहां चुने हुए

3.......

Created by Universal Document Converter

उद्योगपतियों के लिए काम होता है, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर कार्य नहीं होता, जिस कारण से ही युवाओं को रोजगार नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस की लड़ाई है जिसमें कांग्रेस पार्टी को विजय मिलेगी।

श्री राहुल गाँधी ने बेणेश्वर धाम में पुल के निर्माण के लिए आम जनता को बधाई देते हुए कहा कि इस पुल के माध्यम से लाखों लोगों को फायदा पहुंचेगा तथा वह स्वयं बेणेश्वर धाम मेले में शिरकत कर दर्शन करने आयेंगे।

जनसभा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित नव संकल्प शिविर उदयपुर में भारत जोड़ो का नारा दिया गया है, क्योंकि आज देश में भारत को तोड़ने, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश केवल मात्र एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत के सभी निवासी जो कि विभिन्न आस्थाओं को मानने वाले हैं का देश है। उन्होंने कहा कि आज देश में अमीर और अधिक अमीर हो रहा है तथा गरीब पिछड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में भाई को भाई से लड़ा कर धर्म के आधार पर भारत की एकता पर प्रहार किया जा रहा है तथा भारत को तोड़ने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत को जोड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश में एकता रहेगी तो बेरोजगारी, महंगाई एवं गरीबी से मुक्ति मिलेगी।

जनसभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने राजस्थान की जनता की ओर से श्री राहुल गाँधी का स्वागत करते हुए कहा कि श्री राहुल गाँधी द्वारा बेणेश्वर धाम में 132 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले पुल का शिलान्यास वागड़ की धरती पर किया गया है जो एक यादगार पल के रूप में हमेशा याद रखा जायेगा तथा लाखों आदिवासियों के जीवन को सुखमय बनायेगा। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनी थी तथा जो वादे श्री राहुल गाँधी ने जनता से किए थे उन्हें राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की कर्ज माफी के साथ ही आदिवासियों एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए राजस्थान सरकार द्वारा योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी के वादे को पूर्ण करते हुए राजस्थान सरकार ने 26 लाख किसानों का 18 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया तथा राजस्थान सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को निरोगी

4........

Created by Universal Document Converter

बनाने के लिए मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई जिसके तहत 10 लाख रूपये तक का ईलाज सभी प्रदेशवासियों के लिए नि:शुल्क हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कनेक्शन दिए जा रहे हैं तथा श्री राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी आम जनता को प्रदान करेंगे और सभी को इन फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गॉंधी के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता के बीच जाकर केन्द्र की मोदी सरकार की विफलताओं तथा गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी की जानकारी प्रदान करने के साथ ही भाजपा की सांप्रदायिकता की नीतियों का पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में सम्पन्न हुए नव संकल्प शिविर में जो भारत जोड़ो नारा दिया गया है, उससे नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता नई ऊर्जा से जनता के बीच रहकर आम जनता के लिये और अधिक जोश से कार्य करेंगे तथा देश में महंगाई एवं बेरोजगारी तथा सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाली भाजपा का विरोध कर वर्ष 2023 में पुन: प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनायेंगे तथा 2024 में देश के आम चुनावों में एनडीए का सूपड़ा साफ कर श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में यूपीए की सरकार गठित होगी।

जनसभा को मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने संबोधित करते हुए कहा कि आज 132 करोड़ रूपये की लागत से बेणेश्वर धाम पर पुल के निर्माण का शिलान्यास श्री राहुल गांधी ने किया है यह एक यादगार मौका है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में श्री राहुल गांधी ने प्रदेश में अनेक दौरे कर जनता से वादे किए थे, उनके अनुरूप किसानों की कर्ज माफी तथा जनता की आकांक्षाओं के आधार पर जन घोषणा पत्र तैयार किया जाकर उसकी क्रियान्विति राजस्थान सरकार द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी, जिसके पश्चात राजस्थान सरकार ने चार बजट पेश कर जनकल्याण हेतु अनेक योजनाएं लागू की जिनकी एक लंबी फेहरिस्त है। उन्होंने कहा कि निरोगी राजस्थान के स्वप्न को साकार करते हुए जनता को मंहगे ईलाज से राहत दिलाने हेतु प्रत्येक प्रदेशवासी को 10 लाख रूपये तक का ईलाज नि:शुल्क करने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किडनी खराब होने तथा लीवर ट्रांसप्लांट जैसे मंहगे ईलाज भी जनता को नि:शुल्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी के बचाव हेतु बेहतरीन प्रबंधन किया गया तथा प्रदेश के गरीबों एवं किसानों को महंगाई, बेरोजगारी तथा कोरोना से उपजी मंदी से राहत

5........

Created by Universal Document Converter

देने के लिए किसानों को एक हजार रूपये प्रति माह बिजली के बिलों में छूट दी जा रही है जिससे आधे से ज्यादा किसानों का बिजली का बिल शून्य आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार शहरी उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक बिजली मुफ्त दी जा रही है, उससे अधिक उपभोग पर बिजली के बिलों में राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

श्री गहलोत ने कहा कि पुल के शिलान्यास के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी की याद ताजा हो गई है, क्योंकि स्व. श्री राजीव गाँधी ने प्रधानमंत्री बनने के पश्चात सबसे पहले देश के आदिवासी अंचलों का दौरा कर आदिवासियों के उत्थान हेतु अनेक योजनाएं बनाई थी तथा राजस्थान में वागड़ की भूमि पर अनेक सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार एवं वागड़ की धरती का एक पुराना अटूट रिश्ता है जिसे सारा देश जानता है। उन्होंने कहा कि श्रीमती सोनिया गांधी ने पत्र लिखकर प्रसव पर 6000 रूपये की सहायता प्रसूता को उन्हें प्रसव होने पर भी दिए जाने के लिए कहा था तथा दूसरे प्रसव पर भी 6000 रूपये की सहायता देने की घोषणा दो वर्ष पूर्व राजस्थान सरकार द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह योजना टीएसपी क्षेत्र के लिए थी जिसका दायरा बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि वागड़ की उन्नति एवं विकास के लिए सिंचाई एवं पानी उपलब्ध कराने की अनेक योजनाएं पूर्व में घोषित हो चुकी है तथा अब आम जनता को कष्टों से मुक्ति दिलाने हेतु बेणेश्वर में पुल का निर्माण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की लागत से अनेक सिंचाई योजनाएं चल रही है तथा मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पतालों का प्रमोशन, तहसीलों, उप तहसीलों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अकेले डूंगरपुर जिले में ही 5 से 7 कॉलेज खोले गए हैं तथा 500 की संख्या वाले बालिका विद्यालयों को महाविद्यालय में तब्दील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने श्रीमती सोनिया गांधी के सुझाव पर मनरेगा जैसी योजना को कानून बनाकर लागू किया गया जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिवस का रोजगार प्रदान किया जाता है तथा राजस्थान सरकार ने इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए 125 कार्य दिवस किया जिसके समस्त खर्चे का वहन राज्य सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि नगरपालिका क्षेत्रों में श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर संचालित इन्द्रा शहरी रोजगार योजना का लाभ भी वागड़ क्षेत्र के निवासियों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनकल्याण के लिए जो योजनाएं राजस्थान सरकार ने बनाई उन्हें पूरा किया जा रहा है। उन्होंने

6........

Created by Universal Document Converter

कहा कि राज्य में बुजुर्ग, नि:शक्त, विधवा, एकल नारी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु पेंशन दी जा रही है क्योंकि सामाजिक सुरक्षा ही कांग्रेस का मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि राज्य में स्कूटी योजना के तहत दी जाने वाली स्कूटियों की संख्या बढ़ाकर बच्चियों को 20,000 स्कूटी प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बेणेश्वर धाम के चहुंमुखी विकास की अनेक योजनाएं राज्य सरकार ला रही है जिसके तहत सड़क के चौड़ीकरण करने तथा आने वाले श्रृद्धालुओं को सुविधाएं प्रदान करने हेतु अनेक आधारभूत निर्माण कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर के माध्यम से श्री राहुल गांधी द्वारा दिया गया संदेश पूरे भारत में नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि आज देश के सामने अनेक चुनौतियां है, नेहरू, पटेल, गांधी एवं अंबेडकर द्वारा देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के कार्य पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान से देश चलना चाहिए जबकि देश में सांप्रदायिकता फैलाई जा रही है और सब जानते हैं कि सांप्रदायिकता का लाभ कौन सा दल प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी के नेतृत्व में देश से अशांति एवं भय दूर कर भाईचारा तथा प्रेम कायम कर देश को उन्नति के पथ पर लाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता के लिए पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बेअंत सिंह शहीद हो गए, किंतु देश को टूटने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वह भी हिंदू हैं, किंतु दूसरे धर्मों का भी आदर करते हैं, जबकि सांप्रदायिकता फैलाने वाले लोग देश में अशांति फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सच्चाई के साथ रहती है क्योंकि कांग्रेस 36 कौमों की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति देश के विकास के लिए कार्य करने की रही है। श्री गहलोत ने प्रदेश की जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश के विकास में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter